# साइकिल साधन ही नहीं, सांस्कृतिक आंदोलन

## मंत्री सारंग ने मानव संग्रहालय में किया विशेष साइकिल प्रदर्शनी का उद्घाटन

**भोपाल, 20 जुलाई. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल में रविवार को विशेष साइकिल प्रदर्शनी व्हील्स ऑफ उड़ान - ( ए राइड थ्रू टाइम ) समय की सवारी का भव्य आयोजन किया गया. इस प्रदर्शनी का आयोजन संग्रहालय ने टीम ग्रीन प्लेनेट साइकिल राइडर्स एसोसिएशन के सहयोग से किया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दीप प्रज्वलन कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा साइकिल सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन, तकनीकी नवाचार और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है. इस अवसर पर मानव संग्रहालय के निदेशक प्रो. डा. अमिताभ पांडे, पूर्व आईएएस राधेश्याम जुलानिया, डाक विभाग के निदेशक पवन डालमिया, ग्रीन प्लेनेट बाइसिकल राइडर्स एसोसिएशन के सूर्यनारायण सिंह , अखिलेश अग्रवाल, संकल्प भटनागर तथा संग्रहालय के जनसंपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार, कार्यक्रम के संयोजक एन सकमचा सिंह तथा बड़ी संख्या में साइकिलिस्ट, साइकिल प्रेमी, स्कूली छात्र उपस्थित रहे. प्रदर्शनी की विशेष झलकियों में सामूहिक साइक्लिंग पोर्ट्रेट्स, विंटेज से लेकर आधुनिक तकनीकी की साइकिल, एक इंटरैक्टिव हेरिटेज वॉल और युवाओं के लिए कार्यशालाएँ शामिल रहीं.



> इस आयोजन में 100 से अधिक साइक्लिस्ट्स, पर्यावरणविद तथा स्कूली छात्र छात्राओं ने भाग लिया. यह आयोजन न केवल साइक्लिंग संस्कृति के संरक्षण और प्रचार का माध्यम बना, बल्कि पर्यावरणीय जागरुकता के लिए भी एक सशक्त मंच सिद्ध हुआ. प्रतिभागियों ने साइक्लिंग को स्वास्थ्य, सतत जीवनशैली और सामुदायिक जुड़ाव का महत्वपूर्ण माध्यम बताया. मंत्री सारंग ने इस मौके पर कहा कि साइकिल सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन, तकनीकी नवाचार और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रतीक है.

# कथक में एकेडमी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

## विविधा की125 से ज्यादा छात्राओं ने 12 घंटे दी नृत्य की प्रस्तुति

**भोपाल, 20 जुलाई. विविधा एकेडमी भोपाल की जानी मानी आर्ट एंड कल्चर एकेडमी है, जिसने कथक नृत्य में विश्व रिकॉर्ड बनाकर भोपाल और मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया है. एकेडमी की 125 से ज्यादा छात्राओं ने एक के बाद एक क्रम से 12 घंटे तक लगातार शास्त्रीय कथक नृत्य की प्रस्तुति देकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में एकेडमी का नाम दर्ज किया है.**

इस विश्व रिकॉर्ड को बनाने की परिकल्पना एकेडमी के डायरेक्टर संगीतकार अभय तिवारी ने की. कथा सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना एवं गुरु अभिलाषा तिवारी के सानिध्य में छात्राओं ने विश्व रिकॉर्ड बनाया. गुरु अभिलाषा ने बताया कि विविधा एकेडमी हमेशा कुछ नया करने का प्रयास करती है और अभी तक किसी भी एकेडमी ने कथक नृत्य में इस तरह का विश्व रिकॉर्ड नहीं बनाया. विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी पिछले दो माह से चल रही थी. इस रिकॉर्ड में एकेडमी के 5 वर्ष से लेकर 59 वर्ष तक की छात्राओं ने हिस्सा लिया. इस विश्व रिकॉर्ड के दौरान गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से मनोज कुमार शुक्ला जज के रूप में मौजूद थे, साथ ही यूट्यूब की लिंक के द्वारा टेक्निकल टीम ने भी इसको वेरिफाई किया तथा रविवार को एकेडमी को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किया गया. सभी वेरिफिकेशन होने के पश्चात एकेडमी को फाइनल सर्टिफिकेट दिया जाएगा. एकेडमी के डायरेक्टर तिवारी ने बताया कि अभी तो यह शुरुआत है. एकेडमी इसी तरह से आगे निरंतर और रिकॉर्ड्स बनाते रहेगी.



# अखिल भारतीय तेली महासभा की हुई बैठक

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 20 जुलाई. रविवार श्यामला हिल्स स्थित मानस भवन में अखिल भारतीय तेली महासभा द्वारा मध्य प्रदेश प्रादेशिक अधिवेशन एवं प्रदेश कार्यसमिति बैठक की गई. मां कर्मा माता की पूजन, माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई.**

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल राजोतिया एवं प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम आस्तोलिया का समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों ने 101 किलो के पुष्प हार और गुलाब की पंखुड़ियों से भव्य स्वागत किया. विशेष अतिथि कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रविकरण साहू, अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड मध्य प्रदेश शासन, सिंगरौली विधायक रामनिवास साहू का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया. कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने समाज की प्रगति, एकजुटता और सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए. कार्यक्रम में सामाजिक उत्थान पर गहन चर्चा, शिक्षा, स्वरोजगार, संगठन विस्तार, महिला सशक्तिकरण एवं समाज में नई ऊर्जा का संचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई. इसके साथ समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया.



# सरस्वती नगर री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर लगाया कैंप

**भोपाल, 20 जुलाई.** जवाहर चौक स्थित हाउसिंग बोर्ड की 50 साल पुरानी कॉलोनी सरस्वती नगर का री-डेवलपमेंट प्रस्तावित है. बोर्ड ने कॉलोनी में 5 दिन का कैंप लगाकर रहवासियों की शंका का समाधान किया और उनके सवालों का जवाब दिया. साथ ही कॉलोनी के लोगों के सुझाव को मंडल के शीर्ष अधिकारियों के पास भेजा गया. कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने हाउसिंग बोर्ड को निर्देश दिए थे कि कैंप लगाकर रहवासियों की समस्या का समाधान किया जाए. कैंप में रहवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. बता दें कि सरस्वती नगर का लगभग 800 करोड़ रुपए की लागत से हाउसिंग बोर्ड री-डेवलप कर रहा है.

# रामायण पर आधारित पूछे सवाल, बच्चों ने दिए जवाब

▶ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्यालय में प्रश्नमंच का आयोजन

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 20 जुलाई. रामायण केंद्र महिला इकाई टी.टी.नगर द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर में प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बाल सभा में बच्चों को रामायण से मिलने वाली चरित शिक्षा , कर्तव्य की भावना जागृत करने के लिए किया गया.**

कार्यक्रम की अनुमति प्राचार्य मंजू तिवारी द्वारा प्रदान की गई थी. प्रश्नमंच में बच्चों के शामिल होने के लिए पाँच समूह बनाए गए. जिसमें छात्रों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया. प्रश्न मंच का संचालन अध्यक्ष टीटी नगर इकाई सुधा दुबे और तिलोत्तमा सारस्वत ने किया. व्यवस्था संयोजक के रूप में प्रतिभा द्विवेदी, मृदुल त्यागी एवं नमिता सेन गुप्ता सहित अन्य ने अंक गणना और निर्णायक की भूमिका निभाई. जब एक छात्रा ने शबरी के बेर के चित्र को देखकर राम आएंगे गीत गाया तो सभी राममय हो गए. चार राउंड में खिलाए गए प्रश्न मंच में से एक राउंड दोहे और चौपाई पर भी रखा गया. कार्यक्रम सम्पन्न होने पर सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए. कार्यक्रम में शाला की सभी शिक्षिका एवं राष्ट्रीय रामायण केंद्र की सचिव डा.अनुभूति एवं रूपाली सक्सेना, गुप्ता जी उपस्थित रहे.



## एक नजर में




### सेंट टेरेसा स्कूल की छात्राओं ने जीता कांस्य

**भोपाल.** सीबीएसई क्लस्टर 12 बास्केटबॉल कंपटीशन अंडर 14 में सेंट टेरेसा गर्ल्स स्कूल भोपाल टीम ने कांस्य पद हासिल किया. इस टूर्नामेंट में इंदौर, रीवा, रतलाम, सागर, विदिशा आदि स्कूल की 45 टीम के 600 से अधिक प्लेयर्स ने भाग लिया. कोच राजकुमार के प्रशिक्षण के कारण सेंट टेरेसा गर्ल्स स्कूल भोपाल ने दूसरी बार भोपाल का नाम रोशन किया. यह टूर्नामेंट इस स्कूल रातीबड़ भोपाल में आयोजित किया गया था.



### महापौर ने वार्ड 51 के त्रिलंगा में किया भूमिपूजन

**भोपाल.** महापौर मालती राय ने रविवार को जोन क्रमांक 6 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 51 के त्रिलंगा स्थित शुभालय कैम्पस में लगभग 12 लाख रुपये की लागत से मार्गों पर पैविंग ब्लॉक लगाने के कार्य के लिए भूमिपूजन किया. इस अवसर पर महापौर राय ने कहा कि हम शहर के विकास एवं अधिक से अधिक जनसुविधा के कार्यों को सुनिश्चित कराने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं. भूमिपूजन अवसर पर जोन अध्यक्ष स्नेहलता रघुवंशी, बाबूलाल यादव, पार्षद अरविन्द वर्मा, पूर्व पार्षद संतोष हिरवे, महेन्द्र सिंह यादव, भगवत रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे.



### बैंक ऑफ बड़ौदा का मनाया स्थापना दिवस

**भोपाल (जूनियर रिपोर्टर).** बैंक ऑफ बड़ौदा का 118वां स्थापना दिवस राजधानी स्थित रोशनपुरा एवं टीटी नगर शाखा में उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया. इस अवसर पर परिसर को पुष्पों की रंगोली से सजाया गया था. समारोह की शुरुआत संस्थापक महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ को पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, कार्यक्रम में बैंक के मुख्य प्रबंधक देवेन्द्र राजपूत, बैंक स्टाफ, पूर्व रिटायर कर्मचारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. इस अवसर पर ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं और नई वित्तीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई. शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा आधुनिक तकनीक और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के माध्यम से देश की आर्थिक प्रगति में लगातार योगदान दे रहा है.



**हरतालिका तीज की तैयारी**

**भोपाल, 20 जुलाई.** भोपाल के पटेल नगर में महिला मंडल द्वारा हरतालिका तीज की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने तीज मनाने को लेकर कई निर्णय लिए.

# मैनिट में विद्यार्थियों को सिखाया मंच संचालन

▶ तूर्यनाद समिति के साथ कला कौशल पर संवाद

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 जुलाई. मैनिट भोपाल की हिंदी समिति तूर्यनाद द्वारा 'मंच संचालन कला-कौशल' पर विशेष संवाद सत्र का आयोजन रविवार को किया गया. जिसमें उद्घोषक विनय उपाध्याय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को मंच संचालन की तकनीक, वक्तृत्व-कला की बारीकियाँ, भाषिक संवेदना, प्रस्तुति की गरिमा, और श्रोताओं से जुड़ने की कला से अवगत कराना रहा. वक्ता ने अपने व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से बताया कि मंच संचालन केवल शब्दों की प्रस्तुति नहीं, बल्कि एक संवेदनशील सांस्कृतिक संवाद है, जिसमें वक्ता की गरिमा, विषय की गंभीरता और श्रोताओं की समझ का संतुलन अत्यंत आवश्यक होता है. उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि एक उद्घोषक का कार्य केवल सूचना देना नहीं होता, बल्कि वह मंच की आत्मा होता है, जो पूरे कार्यक्रम की ऊर्जा और प्रवाह को नियंत्रित करता है. संवाद में भाषा, ध्वनि, विषय-ज्ञान के साथ संचालन के लिए ध्यातव्य बारीक तकनीकी व व्यवस्था संबंधी पक्षों पर भी चर्चा हुई.



# विधायक विश्रामगृह का भूमिपूजन आज

▶ मुख्यमंत्री यादव सहित नेता कार्यक्रम में होंगे शामिल

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार को नए और आधुनिक विधायक विश्रामगृह के निर्माण का भूमिपूजन करेंगे. राजधानी के अरेरा हिल्स में नया विश्रामगृह बनकर तैयार होगा. इसके लिए करीब 159.13 करोड़ रुपए का बजट तैयार किया गया है. जिसमें 102 नए फ्लैट बनकर तैयार होंगे.**

जानकारी के अनुसार अभी तक उपयोग में लिया जा रहा पुराना विधायक विश्रामगृह की इमारतें कमजोर हो रही है. साल 1858 में बने विश्रामगृह के कई फ्लैट के कमरों की छतों से बारिश का पानी टपकता है. इसके साथ ही जगह-जगह दीवारों के प्लास्टर भी उखड़ रहे हैं. जिसको देखते हुए नए विधायक विश्रामगृह की मांग उठी और सरकार ने इस पर अमल किया है. भूमिपूजन के बाद से जल्द ही इसके निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा. सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सहित सरकार के मंत्री और विधायक शामिल होंगे. लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भोपाल में नवीन विधायक विश्राम गृह के निर्माण के लिए चिन्हित भूमि पूजन स्थल का रविवार को निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल की समग्र स्थिति का अवलोकन किया.

# 248 छात्रों ने कलियासोत पहाड़ी पर रोपे 1100 पौधे

▶ विद्या भारती के पूर्व छात्रों का पर्यावरण पखवाड़ा अभियान

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 जुलाई. विद्या भारती के पूर्व छात्रों ने पर्यावरण के प्रति अनुकरणीय पहल की है. सरस्वती शिशु मन्दिर के पूर्व छात्रों द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण पखवाड़े के तहत, भोपाल में निवासरत करीब 248 छात्रों ने कलियासोत पहाड़ी पर वृहद वृक्षारोपण अभियान रविवार को चलाया.**

इस अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के 1100 पौधे रोपित किए गए और सभी ने इन पौधों को वृक्ष बनाने तक उनकी सतत देखरेख का सामूहिक संकल्प भी लिया. प्रांत संगठन मंत्री निखलेश माहेश्वरी ने इस मौके पर पूर्व छात्रों के इस संगठित और नि:स्वार्थ प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की. उन्होंने कहा, हमारे पूर्व छात्र हमारी संस्था की सबसे बड़ी पूंजी और गौरव हैं. शिक्षा पूर्ण करने के कई वर्षों बाद भी उनका अपनी जड़ों से जुड़ा रहना और समाज के प्रति अपने दायित्वों का इस निष्ठा से निर्वहन करना अत्यंत प्रशंसनीय है. माहेश्वरी ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण आज सम्पूर्ण विश्व की सबसे बड़ी आवश्यकता है और हमारे पूर्व छात्रों द्वारा किया गया यह सामूहिक प्रयास न केवल सराहनीय है, बल्कि यह समाज के अन्य लोगों, विशेषकर युवाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत का कार्य करेगा.



**प्रदर्शनी का शुभांरभ** ▶ **गौहर महल में लगी प्रदेश के पारंपरिक खिलौनों की प्रदर्शनी**

# खिलौनों में रखा बच्चों के स्वास्थ्य, पर्यावरण का ध्यान



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल,20 जुलाई. शहर में स्थित ऐतिहासिक गौहर महल में लकड़ी से बने खिलौनों की प्रदर्शनी का शुभारंभ हो चुका है मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम के द्वारा यह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है. जिससे प्रदेश के शिल्पकारों को सीधे तौर पर बाजार की उपलब्धि हो सके.**

प्रदर्शनी का उद्देश्य प्रदेश की लोककला, कारीगरी और हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने के साथ ही खिलौना उद्योग को नई पहचान देना है. प्रदर्शनी में, रीवा, मुरैना, बुदनी और सीहोर जिलों के शिल्पकारों द्वारा तैयार पारंपरिक और आकर्षक खिलौने रखे गए हैं. लकड़ी से बने हाथी, बैलगाड़ी, घोड़े, तोता, बंदर, चिड़िया, गुड़िया, झूला और धार्मिक व सांस्कृतिक प्रतीकों के खिलौने प्रदर्शनी में देखने को मिल रहे. शिल्पकारों ने इन खिलौनों को प्राकृतिक रंगों से सजाया है, जिससे बच्चों को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचेगा. बुदनी के बने खिलौने अपने सूक्ष्म आकर और टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं तो वहीं मुरैना के खिलौनों में मिथिला, गोंड, भील और स्थानीय लोक चित्रों की झलक देखने को मिलती है. सीहोर और रीवा के शिल्पकारों ने आधुनिक तौर से परंपरागत खिलौने को तैयार किया है, ताकि बच्चे इनसे खेलते हुए भारतीय संस्कृति और जीवों के बारे में सीख सकें.

> **खिलौनों की विशेषता**
>
> कलाकार मुकेश बताते हैं कि खिलौनों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनमें किसी भी तरह का प्लास्टिक, रसायन या हानिकारक रंग का इस्तेमाल नहीं होता. जिससे यह पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित हैं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद भी है. मजबूत बनावट और आकर्षक रंग के मेल से ये लंबे समय तक टिकटे हैं. खिलौनों पर उकेरी गई पारंपरिक कलाकृतियां बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति समझ और ज्ञान को बढ़ाने में मदद करती हैं.

# एसबीआई सहकारी समिति ने लिए कई फैसले

**भोपाल, 20 जुलाई.** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) भोपाल सर्किल के कर्मचारियों की मल्टी-स्टेट सहकारी संस्था एसबीआई कर्मचारी सहकारी साख समिति की रविवार को 49वीं वार्षिक साधारण सभा हुई. इसमें कर्मचारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. सभा का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप प्रबंध निदेशक एसबीआई भोपाल सर्कल चंद्रशेखर शर्मा, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक नेटवर्क-3 मनोज कुमार एवं उप महाप्रबंधक मनीष मठपाल थे. मुख्य अतिथि शर्मा ने कहा कि संस्था द्वारा सदस्यों को कम ब्याज दर पर लोन उपलब्ध कराने का काम किया जा रहा है, जो सराहनीय है.